NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH



aglasem.com

Class : 6th

Language : Hindi

Subject : Social-Science-History

Chapter : 10

Chapter Name : नए सम्राज्य और राज्य

Book Name : हमारे अतीत

Q1 सही या गलत बताओ :

(क) हरिषेण ने गौतमी पुत्र श्री सातकर्णी की प्रशंसा प्रशस्ति लिखी।

(ख) आर्यावर्त्त के शासक समुद्रगुप्त के लिए भेंट लाते थे।

(ग) दक्षिणापथ में बारह शासक थे।

(घ) गुप्त शासकों के नियंत्रण में दो महत्वपूर्ण केन्द्र तक्षशिला और मदुरै था।

(ङ) ऐहोल पल्लवों की राजधानी थी।

(च) दक्षिण भारत में स्थानीय सभाएँ सदियों तक काम करती रहीं।

Answer.(क) गलत

(ख) गलत

(ग) सही

(घ) गलत

(ङ) गलत

(च) सही

Page: 112 , Block name : आओ याद करें

Q2 ऐसे तीन लेखकों के नाम बताओ , जिन्होंने हर्षवर्धन के बारे में लिखा।

aglasem.com

Answer. हर्षवर्धन की जीवन कथा लिखने वाले लेखक :

- ➔ श्वैन त्सांग
- ➔ रविकीर्ति
- ➔ कवि बाणभट्ट

Page : 113 , Block name : आओ याद करें (short answer question)

Q3 इस युग में सैन्य संगठन में क्या बदलाव आए?

Answer. इस युग में सेना के संगठनों में विभिन्न परिवर्तन हुए -

* कुछ राजा पुराने शासकों की तरह अपनी पुरानी सेना को रखने में ही विश्वास रखते थे जो संगठित होती थी।

*इस संगठित सेना में हाथी,रथ,घुड़सवार,तथा पैदल चलने वाले सिपाही भी थे।

*कुछ ऐसे सेनानायक थे जो राजा को सैनिक सहायता देते थे।

* इन सेनानायकों को कोई स्थायी वेतन नहीं दिया जाता था बल्कि इसके बदले उन्हें ज़मीन दान में मिल जाति थी जिस पर उन्हें कर वसूल करने का भी अधिकार प्राप्त था।

*इन सेनानायकों को सामंत कहा जाता था। यही लोग युद्ध के लिए साधन जुटाते थे।

Page : 113 , Block name : आओ याद करें (long answer question)

Q4 इस काल की प्रशासनिक व्यवस्था में तुम्हें क्या-क्या नई चीजें दिखती हैं?

Answer. प्रशासनिक व्यवस्था में कई नए बदलाव आए -

* कुछ पदों को आनुवंशिक बना दिया गया जैसे किसी के पिता की मृत्यु के बाद उसका पद उसके बेटे को दिया जाने लगा। जिसमे कवि हरिषेण का उदाहरण प्रमुख है।

*कई उदाहरण ऐसे भी जिनसे पता चला है की कई पदों को एक ही व्यक्ति संभालता था। जैसे फिर वही कवि हरिषेण जो अलग अलग पदों पर काम करते थे।

aglasem.com

*प्रशासन में कुछ लोग अपने पद का प्रभाव दिखाते थे जैसे बैंक प्रमुख, व्यापारियों के काफिले का प्रमुख,लिपिक प्रधान आदि

Page : 113 , Block name : आओ याद करें (long answer question)

Q5 तुम्हें क्या लगता है कि समुद्रगुप्त की भूमिका अदा करने के लिए अरविन्द को क्या-क्या करना पड़ेगा?

Answer. अरविन्द को समुद्रगुप्त की भूमिका अदा करने के लिए निम्नलिखित कार्य करना पड़ेगा :

- ➔ उसे शाही वेशभूषा में , मूछों पर ताव देना होगा।
- ➔ उसे एक योद्धा समान दिखना होगा , तथा उसे नाटकीय युद्ध जीतकर दिखाना होगा।
- ➔ रुपहले कागज़ में लिपटी तलवार को शान से पकड़कर चलके दिखाना होगा।
- ➔ उसे समुद्रगुप्त की कविता का पाठ करना होगा।

Page : 113 , Block name : आओ चर्चा करें (long answer question)

Q6 क्या प्रशस्तियों को पढ़कर आम लोग समझ लेते होंगे? अपने उत्तर के कारण बताओ।

Answer. प्रशस्ति शब्द की उत्तपत्ति भी संस्कृत भाषा से हुई है जिसका तातपर्य किसी की प्रशंसा करने से है। पुराने समय में राजा की प्रशंसा में प्रशस्ति लिखा जाता था जो की सिर्फ राजा और ब्राह्मण ही समझ पाते थे। आम लोगों को न ही वह पढ़ना आता था न ही वे उसको समझ पाते थे क्योंकि उन्हें सिर्फ प्राकृत भाषा का ज्ञान था।

Page : 113 , Block name : आओ चर्चा करें (long answer question)

प्रश्न 7 - छात्र स्वयं करें।

Q8 आज युद्ध का असर जनसाधारण पर किस तरह पड़ता है?

Answer. युद्ध दो या उससे ज़्यादा देशों या प्रदेशों के बीच होता है , जिसमे साधारण व्यक्ति का कोई अस्तित्व नहीं बचता। युद्ध अपने पीछे विनाश और विध्वंस की निशानी छोड़ कर जाता है , जिसकी वजह से लोगों की नौकरियों और व्यापार पर बुरा असर पड़ता है। पूरी दुनिया धूल के गर्त में डूब जाती है।

Page : 113 , Block name : आओ करके देखें (long answer question)

aglasem.com